उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग,

आयोग भवन, हरिद्वार–249404

Website: www.ukpsc.gov.in

संख्या :: 130 /46/E-1/DR(PCS)/ 2020-21, दिनांक :: 07 दिसम्बर, 2021

उत्तराखण्ड सम्मिलित राज्य सिविल/प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा–2021

विज्ञप्ति

उत्तराखण्ड सम्मिलित राज्य सिविल/प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा–2021 के अन्तर्गत सीधी भर्ती द्वारा चयन हेतु विज्ञापन संख्या : A-1/E-1/PCS-2021/2021-22 दिनाँक 10 अगस्त, 2021 द्वारा विभिन्न विभागों के रिक्त 224 पदों को विज्ञापित किया गया था। जिसकी ऑनलाईन आवेदन करने के अन्तिम तिथि 30.08.2021 थी। शासन द्वारा प्रश्नगत विज्ञापन के क्रम पूर्व में विज्ञापित पदों में श्रेणी/उपश्रेणीवार परिवर्तन किये जाने के फलस्वरूप तथा शासन द्वारा प्रेषित कतिपय अन्य विभागों के नवीन अधियाचन के क्रम में रिक्त 94 पदों को सम्मिलित करते हुए कुल 318 पदों पर चयन हेतु उक्तांकित विज्ञापन के सापेक्ष अतिरिक्त विज्ञापन/शुद्धि पत्र प्रकाशित किया जा रहा है।

2. उक्त के क्रम में नवीन अभ्यर्थियों हेतु पुनः ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत करने तथा पूर्व में भरे गये ऑनलाईन आवेदनों में संशोधन हेतु आयोग की वेबसाइट **www.ukpsc.gov.in** पर लिंक खोले गये हैं, जिसकी महत्वपूर्ण तिथियां निम्नवत् है–

नवीन ऑनलाईन आवेदन करने/पूर्व में ऑनलाइन आवेदन में संशोधन करने की प्रारम्भ तिथि	::	08 दिसम्बर, 2021
नवीन ऑनलाईन आवेदन करने/ पूर्व में ऑनलाइन आवेदन में संशोधन करने की अन्तिम तिथि	::	.28 दिसम्बर, 2021 (रात्रि 11:59:59 बजे तक)

3. ऑनलाईन आवेदन करते समय केवल तकनीकी समस्या के समाधान हेतु अभ्यर्थी ukpschelpline@gmail.com पर ई–मेल कर सकते है। अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन–पत्र भरने से पूर्व आयोग की वेबसाईट पर प्रसारित विज्ञापन : A-1/E-1/PCS-2021/2021-22 दिनाँक 10 अगस्त, 2021 एवं अतिरिक्त विज्ञापन/शुद्धि पत्र में वर्णित समस्त शर्तों/निर्देशों का भली–भाँति अवलोकन कर लें।

Sd/-
(कर्मेन्द्र सिंह)
सचिव